NATIONAL HUMAN RIGHTS COMMISSION

TIMES OF INDIA, Lucknow, 20.8.2025
Page No. 8, Size:(4.22)cms X (7.96)cms.

# Assault on Army jawan: NHRC seeks report

**Meerut:** NHRC has taken cognisance of the assault on an Army jawan by toll plaza staff in Meerut, and directed the district administration, SSP and NHAI to submit an action taken report within two weeks, reports **Sandeep Rai.**

NHRC said the allegations "prima facie seem to be serious violation of human rights". The jawan, Kapil Kavad (25) of Rajput Regiment, was tied to a pole and beaten by toll plaza staff on Aug 17.

HINDU, Hyderabad, 20.8.2025
Page No. 6, Size:(5.53)cms X (3.82)cms.

# NHRC seeks report on death of student in school

The NHRC directed Secretary (Education) Yogitha Rana for a comprehensive report concerning the death of a 16-year-old girl in Government Ashram High School for Girls in Wankidi, Kumaram Bheem Asifabad district, last year. The girl along with two other students were admitted to Nizam's Institute of Medical Sciences with severe gastroenteritis symptoms, after they reportedly consumed food from their school.

OMMCOM NEWS, Online, 20.8.2025
Page No. 0, Size:(0)cms X (0)cms.

Ommcom News

# Former NCPCR Chief Raises Alarm Over Court Ruling On Marriage Of Minor Muslim Girl

https://ommcomnews.com/india-news/former-ncpcr-chief-raises-alarm-over-court-ruling-on-marriage-of-minor-muslim-girl/

by OMMCOM NEWS | August 19, 2025 in Nation

New Delhi: Priyank Kanoongo, the former chairperson of National Commission for Protection of Child Rights (NCPCR) on Tuesday expressed 'shock and surprise' over a ruling by the Supreme Court which held the marriage of a minor Muslim girl under the Muslim Personal Law, as valid.

Kanoongo, currently a member of the National Human Rights Commission (NHRC), took to social media handle X and said "this was akin to running the country on the basis of Sharia."

He said that the court considered the consent of minors as the basis but ignored the laid down guidelines of the POCSO Act, a law enacted by the Parliament that protects children from offences of sexual assault, sexual harassment and pornography.

Terming the ruling as "concerning", he informed that another similar case was scheduled for hearing on Wednesday and this has left him worried.

"If children are given the consent to engage in sex, it will lead to ruin. God should protect the children of India," he said in the post.

According to a leading law portal, the Apex Court on Tuesday dismissed a Special Leave Petition filed by the NCPCR challenging the 2022 judgment of the Punjab and Haryana High Court which held that a 16-year-old Muslim girl can enter into a valid marriage with a Muslim man and granted protection to the couple from threats.

The NCPCR counsel raised objections to the judgment, but it was turned down by the court on the grounds that it was stranger to the litigation and has no locus standi to challenge the High Court order.

The High Court had granted protection to the couple noting that the girl, who attained puberty, is of marriageable age under the Muslim Personal Law.

Priyank Kanoongo, in his X post, further informed that he had challenged the High Court verdict in the Supreme Court, following which a stay order was given.

While he helmed the NCPCR, the child rights body in its appeal said that under the POCSO, physical relations with a minor is a crime and allowing the sexual exploitation of minor girls based on religion is against the constitutional principles of secularism.

(IANS)

ABP LIVE, Online, 20.8.2025
Page No. 0, Size:(0)cms X (0)cms.

ABP News Live

## Supreme Court Dismisses Plea Against 16-Year-Old Muslim Girl's Marriage; NHRC Member Calls It `Dangerous'

https://news.abplive.com/news/india/supreme-court-dismisses-plea-against-16-year-old-muslim-girl-marriage-nhrc-priyank-kanoongo-1795449

By : ABP Live News | Updated at : 19 Aug 2025 03:23 PM (IST)

The Supreme Court on Tuesday (August 19) declined to entertain a Special Leave Petition filed by the National Commission for Protection of Child Rights (NCPCR) against a 2022 order of the Punjab and Haryana High Court which recognised the validity of the marriage of a 16-year-old Muslim girl with a Muslim man and granted the couple protection from threats.

A bench of Justice BV Nagarathna and Justice R Mahadevan said the child rights body had no locus standi in the matter. "NCPCR has no locus to challenge such an order… if two minor children are protected by the High Court, how can NCPCR challenge such an order… It is strange that the NCPCR, which is for protecting the children, has challenged such an order," the bench observed, according to Live Law.

The judges dismissed the petition outright, refusing the request of the Commission's counsel to keep the legal question open.

SC Bench Questions NCPCR's Intervention

The court asked why the NCPCR should be contesting a High Court order that merely extended protection to the life and liberty of the couple. "We fail to see how NCPCR can be aggrieved by such an order. If the High Court, in exercise of its power under Article 226, seeks to extend protection to two individuals, the NCPCR has no locus standi to challenge such an order. Dismissed," the bench stated in its order.

The Supreme Court also rejected three other petitions filed by the NCPCR challenging similar High Court rulings.

Arguments Over Marriageable Age

NCPCR's counsel had argued that the matter raised an important legal question — whether a girl below 18 could enter into a valid marriage under personal law. They contended that the High Court's decision effectively permitted child marriage, running contrary to the Prohibition of Child Marriage Act, 2006, and the Protection of Children from Sexual Offences Act, 2012 (POCSO), both of which set 18 as the threshold age for consent.

However, Justice Nagarathna clarified that no such question of law arose in this particular case. "No question of law arises, you challenge in an appropriate case please," she remarked. She further stressed that relationships involving teenagers close to majority should not always be equated with criminal offences.

"There is POCSO Act, which takes care of the penal cases, but there are romantic cases also where teenagers on the verge of majority run away, where there are genuine romantic cases, they want to get married, don't read such cases the same as criminal cases. We have to differentiate between criminal cases and this," Justice Nagarathna said, as quoted by Live Law.

She added, "Look at the trauma the girl undergoes if she loves a boy and he is sent to jail, because her parents would file a POCSO case to cover the elopement."

High Court's Earlier Observations

The Punjab and Haryana High Court, in its 2022 judgment, had granted protection to the couple after the Muslim man claimed his girlfriend was being illegally confined by her family. The court had noted that, as per Muslim Personal Law, a girl who has attained puberty is considered of marriageable age. Citing Article 195 of Principles of Mohammedan Law by Sir Dinshah Fardunji Mulla, the High Court said that a Muslim girl above 16 was competent to enter into a marriage contract.

NHRC Member Raises Alarm, Says Verdict 'Gives Freedom To Exploiters'

Following Tuesday's dismissal, NCPCR member Priyank Kanoongo expressed concern over the scope for exploitation of minor girls, labelling the verdict as 'dangerous'. In remarks to ANI, he said, "…There was a decision of the HC which stated that the marriage of a minor girl can be justified because she is Muslim… We pleaded in the SC, saying that if one HC has delivered such a decision, then others might also do it. If this happens, we won't be able to save the girls' lives… For the larger benefit of the nation's children, we went to SC and said that we won't be able to stop the rape cases of girls… Today, in the absence of the senior advocates, a one-sided hearing was held…"

"My fear is that it will be difficult to protect the children in the future, as one rule made by the Parliament of India states that, according to the global standard, the age of getting into sexual relationships should be 18 years. Now, lowering that age to 16 years old is not giving them the freedom to get into sexual relationships, but this gives freedom to the exploiters to exploit," he added.

(This is a breaking news story and is being updated. Please refresh for the latest updates.)

Agniban

## 16 साल की मुस्लिम लड़की की शादी पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, हाईकोर्ट के निर्णय में दखल देने से किया इंकार

https://www.agniban.com/supreme-courts-big-decision-on-the-marriage-of-a-16-year-old-muslim-girl-refused-to-interfere-in-the-decision-of-the-high-court/

August 19, 2025 | Ashish Meena

नई दिल्ली। 16 साल की मुस्लिम लड़की की शादी (muslim girl marriage) हो सकती है, यह बड़ा फैसला सुप्रीम कोर्ट (Supreme Court) ने सुनाया है। साथ ही पंजाब- हरियाणा हाईकोर्ट (Punjab- Haryana High Court) के फैसले में दखल देने से भी इंकार किया है। पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने साल 2022 में 21 साल के एक मुस्लिम युवक और 16 साल की मुस्लिम लड़की के प्रेम विवाह को मुस्लिम पर्सनल लॉ के प्रावधानों के तहत वैध माना था। हाई कोर्ट ने विवाहित जोड़े को सुरक्षा देने का भी आदेश दिया था। हाई कोर्ट के इस फैसले को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (NCPCR) ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान जस्टिस बीवी नागरत्ना की बेंच ने कहा कि NCPCR का इस मामले से क्या संबंध है? आयोग इस मामले में पक्षकार नहीं था तो उसका अपील दायर करने का क्या औचित्य है? वहीं युवक और युवती की शादी दोनों की मर्जी से ही हुई थी। जस्टिस नागरत्ना ने फैसला सुनाते हुए टिप्पणी की कि NCPCR को हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने का कोई अधिकार नहीं है। जिस संस्था का काम बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा करना है, वह संस्था (NCPCR) यह कैसे कह सकती है कि 2 बच्चों को संरक्षण न दिया जाए?

सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियांक कानूनगो ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट ने नाबालिग मुस्लिम लड़की की शादी को जायज ठहराया था। सुप्रीम कोर्ट में दलील दी थी कि अगर एक हाई कोर्ट ने ऐसा फैसला दिया है, तो दूसरी हाई कोर्ट भी ऐसा कर सकती हैं। अगर ऐसा हुआ तो लड़कियों की सुरक्षा को खतरा है। रेप के मामलों को रोक नहीं पाएंगे।

देशहित के लिए सुप्रीम कोर्ट गए थे, लेकिन वरिष्ठ वकीलों की अनुपस्थिति में एकतरफा सुनवाई करके फैसला सुना दिया गया है। ऐसे में भविष्य में बच्चों की सुरक्षा करना मुश्किल हो जाएगा, क्योंकि भारतीय संसद द्वारा बनाए गए कानून में प्रावधान है कि यौन संबंध बनाने की उम्र 18 साल होनी चाहिए। अब उस उम्र को घटाकर 16 साल करना, युवाओं को यौन संबंध बनाने की आजादी नहीं दे रहा है, बल्कि शोषण करने वालों को शोषण करने की स्वतंत्रता दे रहा है।

बता दें कि पंजाब के पठानकोट में साल 2022 में 16 साल की मुस्लिम लड़की ने 21 साल के प्रेमी से निकाह किया था। परिवार ने आपत्ति जताई तो लड़की ने अपने पति के साथ रहने की इच्छा जताई और हाई कोर्ट में सुरक्षा याचिका दायर की। हाई कोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद टिप्पणी की कि मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत 16 साल या उससे ज्यादा उम्र की लड़की अपनी मर्जी से निकाह कर सकती है। इसलिए इस्लामिक कानून भी कहना है कि युवावस्था में आने के बाद 15 साल की मुस्लिम लड़की को शादी करने में सक्षम मान सकते हैं। इसलिए पठानकोट के SSP लड़की और उसके पति को सुरक्षा प्रदान करें।

AGNIBAN, Online, 20.8.2025
Page No. 0, Size:(0)cms X (0)cms.

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (NCPCR) ने पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट के फैसले पर आपत्ति जताई और सुप्रीम कोर्ट में हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दे दी। याचिका में दलील दी गई कि 16 साल की मुस्लिम लड़की की शादी का मामला बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 का उल्लंघन है। अधिनियम के तहत भारत में लड़कियों के लिए शादी करने की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तय की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने साल 2023 में इस मामले में सुनवाई करते हुए अंतरिम आदेश दिया कि हाई कोर्ट के फैसले को मिसाल न माना जाए। वहीं अब साल 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने लड़की की शादी को वैध करार दे दिया है।

News Nation

# कम उम्र में मुस्लिम लड़कियों की शादी देश को शरिया के अनुसार चलाने जैसा : प्रियांक कानूनगो

https://www.newsnationtv.com/kam-umra-mein-muslim-ladkiyon-ki-shaadi-desh-ko-shariya-ke-anusaar-chalaane-jaisa-priyank-kanungo--20250819160724/

Written by IANS | 19 Aug 2025 18:40 IST

नई दिल्ली, 19 अगस्त (आईएएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम लड़कियों की शादी की उम्र पर एनसीपीसीआर की याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। इस पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियांक कानूनगो ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कम उम्र में मुस्लिम लड़कियों की शादी देश को शरिया के अनुसार चलाने जैसा है।

प्रियांक कानूनगो ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि भारत के एक उच्च न्यायालय ने एक नाबालिग मुस्लिम लड़की की शादी को केवल उसके धर्म के आधार पर वैध ठहराया था। भारत का बाल विवाह अधिनियम और पॉस्को अधिनियम धर्मनिरपेक्ष कानून हैं। दोनों में न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित की गई है, और 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की के साथ कोई भी यौन गतिविधि पॉक्सो अधिनियम के तहत बलात्कार की श्रेणी में आती है।

उन्होंने कहा कि हमने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और आग्रह किया कि यदि नाबालिग के साथ यौन संबंध पॉक्सो के तहत अपराध है, तो विवाह की आड़ में इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती। सुप्रीम कोर्ट ने हमारी बात को स्वीकार किया और तत्काल एक अंतरिम आदेश दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि जो भी हाई कोर्ट के आदेश हैं, उनको आधार बनाकर कहीं किसी कोर्ट में आदेश नहीं दिए जा सकते।

कानूनगो ने कहा कि आज खासकर बच्चों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण फैसला आया है। सुप्रीम कोर्ट में मामले की एकतरफा सुनवाई की गई। इसमें यह कहा गया कि एनसीपीसीआर का लोकस नहीं बनता।

प्रियांक कानूनगो ने कहा कि 12, 13, 14, या 15 साल की लड़कियों को शादी की आड़ में यौन शोषण की अनुमति देना देश को शरिया के अनुसार चलाने जैसा है। यह संविधान का अपमान है और भारत में बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन है।

दरअसल, 2022 में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने एक मामले में 21 वर्षीय मुस्लिम युवक और 16 वर्षीय मुस्लिम लड़की के प्रेम विवाह को मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत वैध माना था। यह मामला तब अदालत में पहुंचा था जब विवाहित जोड़े ने अपनी सुरक्षा को लेकर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हाईकोर्ट ने जोड़े को सुरक्षा प्रदान करते हुए उनके विवाह को मान्यता दी थी। हाईकोर्ट के इस फैसले के खिलाफ एनसीपीसीआर ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिस पर मंगलवार को सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया।

--आईएएनएस

एएसएच/केआर

PANCHJANYA, Online, 20.8.2025
Page No. 0, Size:(0)cms X (0)cms.

Panchjanya

# `यह शरिया के आधार पर देश चलाने जैसा', सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर प्रियंक कानूनगो ने जताई हैरानी

सुप्रीम कोर्ट ने एनसीपीसीआर की हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज की। प्रियंक कानूनगो ने कहा कि कोर्ट ने नाबालिग की सहमति को आधार माना है यह चिंताजनक है। हे भगवान भारत के बच्चों की रक्षा करिए, आपका ही सहारा है।

https://panchjanya.com/2025/08/19/425110/bharat/its-like-running-the-country-on-the-basis-of-sharia-priyank-kanungo-expressed-surprise-at-the-supreme-courts-decision/

सुनीता मिश्रा Aug 19, 2025, 02:27 pm IST in भारत, दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार (19 अगस्त) को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) द्वारा दायर एक याचिका को खारिज कर दिया। एक नाबालिग मुस्लिम लड़की के निकाह को जायज ठहराने वाले पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के 2022 के फैसले को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी। याचिका में कहा गया था कि पॉक्सो के तहत नाबालिग लड़की के साथ शारीरिक संबंध बनाना अपराध है और मजहब के आधार पर बालिकाओं के यौन शोषण को अनुमति देना धर्म निरपेक्षता संवैधानिक सिद्धांत के खिलाफ है।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर चिंता व्यक्त करते हुए मंगलवार (19 अगस्त) को इस संबंध में एक्स पर पोस्ट किया। प्रियंक कानूनगो ने अपनी पोस्ट में लिखा, "एक नाबालिग मुस्लिम लड़की की शाादी को जायज ठहराने वाले हाई कोर्ट के आदेश को राष्ट्रीय बाल आयोग ने मेरे अध्यक्ष रहते हुए सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। पॉक्सो के तहत नाबालिग लड़की के साथ शारीरिक संबंध बनाना अपराध है और मजहब के आधार पर बालिकाओं के यौन शोषण को अनुमति देना धर्म निरपेक्षता संवैधानिक सिद्धांत के विरुद्ध है। उस वक्त हमारी दलीलों से सहमत होकर माननीय न्यायालय ने तत्काल देश की लड़कियों के पक्ष में आदेश दिया था।"

उन्होंने इस फैसले को बच्चों के भविष्य के लिए खतरा बताते हुए आगे लिखा, "आज इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में फिर सुनवाई हुई। जानकारी मिली है कि दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से पूर्व में नियुक्त किए गए NCPCR के वरिष्ठ वकील की अनुपस्थिति में लगभग एकतरफा सुनवाई के आधार यह केस खारिज कर दिया गया है। यह शरिया के आधार पर देश चलाने जैसा है। कोर्ट ने नाबालिग की सहमति को आधार माना है यह चिंताजनक है। इसी तरह के एक और मामले में कल फिर सुनवाई होनी है। यदि बच्चों को सेक्स की सहमति दे दी गई तो बर्बादी होगी। हे भगवान भारत के बच्चों की रक्षा करिए,आपका ही सहारा है।"

एनसीपीसीआर इस मुकदमे से अनजान है: सुप्रीम कोर्ट

न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि एनसीपीसीआर इस मुकदमे से अनजान है। उसे हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देने का कोई अधिकार नहीं है। पीठ ने पूछा कि एनसीपीसीआर को धमकियों का सामना कर रहे दंपत्ति के जीवन और स्वतंत्रता की सुरक्षा प्रदान करने वाले उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती क्यों देनी चाहिए?

पीठ ने यह भी कहा, “एनसीपीसीआर के पास ऐसे आदेश को चुनौती देने का कोई अधिकार नहीं है। अगर दो नाबालिग बच्चों को हाई कोर्ट द्वारा संरक्षण दिया जाता है, तो एनसीपीसीआर ऐसे आदेश को कैसे चुनौती दे सकता है। यह बेहद अजीब है कि एनसीपीसीआर, जिसका काम बच्चों की सुरक्षा करना है, ने ऐसे आदेश को चुनौती दी है।”

NATIONAL HUMAN RIGHTS COMMISSION

NEWS 24 ONLINE, Online, 20.8.2025
Page No. 0, Size:(0)cms X (0)cms.

News 24 Hindi

# 16 साल की मुस्लिम लड़की की शादी पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, हाई कोर्ट के निर्णय में दखल से इनकार

Supreme Court Verdict: सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम लड़की की शादी मामले में अहम फैसला सुनाया है। 16 साल की लड़की ने 21 साल के लड़के से निकाह किया था, जिसे वैध करार दिया गया है। हाई कोर्ट के फैसले को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिस पर 19 अगस्त को फैसला आया। पढ़ें प्रभाकर मिश्रा की रिपोर्ट...

https://hindi.news24online.com/india/supreme-court-big-verdict-on-16-year-old-muslim-girl-marriage-punjab-haryana-high-court/1289352/

Written By:News24 हिंदी | Edited By :Khushbu Goyal Updated: Aug 19, 2025 16:13

Supreme Court Verdict: 16 साल की मुस्लिम लड़की की शादी हो सकती है, यह बड़ा फैसला सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया है। साथ ही पंजाब- हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले में दखल देने से भी इंकार किया है। पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने साल 2022 में 21 साल के एक मुस्लिम युवक और 16 साल की मुस्लिम लड़की के प्रेम विवाह को मुस्लिम पर्सनल लॉ के प्रावधानों के तहत वैध माना था। हाई कोर्ट ने विवाहित जोड़े को सुरक्षा देने का भी आदेश दिया था। हाई कोर्ट के इस फैसले को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (NCPCR) ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर उठाए सवाल

सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान जस्टिस बीवी नागरत्ना की बेंच ने कहा कि NCPCR का इस मामले से क्या संबंध है? आयोग इस मामले में पक्षकार नहीं था तो उसका अपील दायर करने का क्या औचित्य है? वहीं युवक और युवती की शादी दोनों की मर्जी से ही हुई थी। जस्टिस नागरत्ना ने फैसला सुनाते हुए टिप्पणी की कि NCPCR को हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने का कोई अधिकार नहीं है। जिस संस्था का काम बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा करना है, वह संस्था (NCPCR) यह कैसे कह सकती है कि 2 बच्चों को संरक्षण न दिया जाए?

फैसले पर आई आयोग की प्रतिक्रिया

सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियांक कानूनगो ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट ने नाबालिग मुस्लिम लड़की की शादी को जायज ठहराया था। सुप्रीम कोर्ट में दलील दी थी कि अगर एक हाई कोर्ट ने ऐसा फैसला दिया है, तो दूसरी हाई कोर्ट भी ऐसा कर सकती हैं। अगर ऐसा हुआ तो लड़कियों की सुरक्षा को खतरा है। रेप के मामलों को रोक नहीं पाएंगे।

देशहित के लिए सुप्रीम कोर्ट गए थे, लेकिन वरिष्ठ वकीलों की अनुपस्थिति में एकतरफा सुनवाई करके फैसला सुना दिया गया है। ऐसे में भविष्य में बच्चों की सुरक्षा करना मुश्किल हो जाएगा, क्योंकि भारतीय संसद द्वारा बनाए गए कानून में प्रावधान है कि यौन संबंध बनाने की उम्र 18 साल होनी चाहिए। अब उस उम्र को घटाकर 16 साल करना, युवाओं को यौन संबंध बनाने की आजादी नहीं दे रहा है, बल्कि शोषण करने वालों को शोषण करने की स्वतंत्रता दे रहा है।

NEWS 24 ONLINE, Online, 20.8.2025
Page No. 0, Size:(0)cms X (0)cms.

पंजाब के पठानकोट का है मामला

बता दें कि पंजाब के पठानकोट में साल 2022 में 16 साल की मुस्लिम लड़की ने 21 साल के प्रेमी से निकाह किया था। परिवार ने आपत्ति जताई तो लड़की ने अपने पति के साथ रहने की इच्छा जताई और हाई कोर्ट में सुरक्षा याचिका दायर की। हाई कोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद टिप्पणी की कि मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत 16 साल या उससे ज्यादा उम्र की लड़की अपनी मर्जी से निकाह कर सकती है। इसलिए इस्लामिक कानून भी कहना है कि युवावस्था में आने के बाद 15 साल की मुस्लिम लड़की को शादी करने में सक्षम मान सकते हैं। इसलिए पठानकोट के SSP लड़की और उसके पति को सुरक्षा प्रदान करें।

2023 में आया था अंतरिम आदेश

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (NCPCR) ने पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट के फैसले पर आपत्ति जताई और सुप्रीम कोर्ट में हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दे दी। याचिका में दलील दी गई कि 16 साल की मुस्लिम लड़की की शादी का मामला बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 का उल्लंघन है। अधिनियम के तहत भारत में लड़कियों के लिए शादी करने की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तय की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने साल 2023 में इस मामले में सुनवाई करते हुए अंतरिम आदेश दिया कि हाई कोर्ट के फैसले को मिसाल न माना जाए। वहीं अब साल 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने लड़की की शादी को वैध करार दे दिया है।

Dainik Bhaskar

# राष्ट्रीय: कम उम्र में मुस्लिम लड़कियों की शादी देश को शरिया के अनुसार चलाने जैसा प्रियांक कानूनगो

https://www.bhaskarhindi.com/other/news-1174467

19 Aug 2025 6:36 PM

सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम लड़कियों की शादी की उम्र पर एनसीपीसीआर की याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। इस पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियांक कानूनगो ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कम उम्र में मुस्लिम लड़कियों की शादी देश को शरिया के अनुसार चलाने जैसा है।

नई दिल्ली, 19 अगस्त (आईएएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम लड़कियों की शादी की उम्र पर एनसीपीसीआर की याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। इस पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियांक कानूनगो ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कम उम्र में मुस्लिम लड़कियों की शादी देश को शरिया के अनुसार चलाने जैसा है। प्रियांक कानूनगो ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि भारत के एक उच्च न्यायालय ने एक नाबालिग मुस्लिम लड़की की शादी को केवल उसके धर्म के आधार पर वैध ठहराया था। भारत का बाल विवाह अधिनियम और पॉस्को अधिनियम धर्मनिरपेक्ष कानून हैं। दोनों में न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित की गई है, और 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की के साथ कोई भी यौन गतिविधि पॉक्सो अधिनियम के तहत बलात्कार की श्रेणी में आती है।

उन्होंने कहा कि हमने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और आग्रह किया कि यदि नाबालिग के साथ यौन संबंध पॉक्सो के तहत अपराध है, तो विवाह की आड़ में इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती। सुप्रीम कोर्ट ने हमारी बात को स्वीकार किया और तत्काल एक अंतरिम आदेश दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि जो भी हाई कोर्ट के आदेश हैं, उनको आधार बनाकर कहीं किसी कोर्ट में आदेश नहीं दिए जा सकते। कानूनगो ने कहा कि आज खासकर बच्चों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण फैसला आया है। सुप्रीम कोर्ट में मामले की एकतरफा सुनवाई की गई। इसमें यह कहा गया कि एनसीपीसीआर का लोकस नहीं बनता।

प्रियांक कानूनगो ने कहा कि 12, 13, 14, या 15 साल की लड़कियों को शादी की आड़ में यौन शोषण की अनुमति देना देश को शरिया के अनुसार चलाने जैसा है। यह संविधान का अपमान है और भारत में बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन है। दरअसल, 2022 में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने एक मामले में 21 वर्षीय मुस्लिम युवक और 16 वर्षीय मुस्लिम लड़की के प्रेम विवाह को मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत वैध माना था। यह मामला तब अदालत में पहुंचा था जब विवाहित जोड़े ने अपनी सुरक्षा को लेकर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हाईकोर्ट ने जोड़े को सुरक्षा प्रदान करते हुए उनके विवाह को मान्यता दी थी। हाईकोर्ट के इस फैसले के खिलाफ एनसीपीसीआर ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिस पर मंगलवार को सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया।

Panchjanya

# सुप्रीम कोर्ट ने 16 साल की मुस्लिम लड़की की शादी को वैध करार दिया, मुस्लिम पर्सनल लॉ का हवाला दिया

https://panchjanya.com/2025/08/19/425197/bharat/sc-upholds-16-year-old-muslim-girl-marriage/

19 अगस्त 2025

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 16 साल की नाबालिग मुस्लिम लड़की की शादी को वैध करार दिया है। इसके साथ ही राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की याचिका खारिज कर दी। एनसीपीसीआर ने पंजाब और हरियाणा हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा 16 साल की मुस्लिम युवती की शादी को कानूनी तौर पर वैध करार देने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग को याचिका दायर करने का अधिकार नहीं है।

दरअसल, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के उस फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी जिसमें उच्च न्यायालय ने 16 साल की मुस्लिम युवती की शादी को कानूनी तौर पर वैध करार दिया था। उच्च न्यायालय ने मुस्लिम पर्सनल लॉ के आधार पर शादी को वैध करार दिया था। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग का कहना था कि यह फैसला बाल विवाह निषेध कानून 2006 के विपरीत है। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने मुस्लिम पर्सनल लॉ के आधार पर इस शादी को वैध करार देते हुए एक मुस्लिम जोड़े को सुरक्षा प्रदान की थी।

दरअसल, पॉक्सो एक्ट के तहत 18 साल के कम उम्र की लड़की से शारीरिक संबंध बनाना अपराध है, भले ही वह लड़की सहमति से बनाया गया हो। शादी से जुड़े अधिकतर कानूनों में भी लड़की की शादी की उम्र 18 वर्ष रखी गई है, लेकिन मुस्लिम पर्सनल लॉ में यौवन अवस्था (puberty) हासिल कर चुकी लड़की के विवाह को सही माना गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा

बाल विवाह नहीं: सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत यह विवाह बाल विवाह की श्रेणी में नहीं आता। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में कानून का कोई कानूनी प्रश्न नहीं उठता है।

मानवाधिकार आयोग के सदस्य ने क्या कहा

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर चिंता व्यक्त करते हुए मंगलवार (19 अगस्त) को इस संबंध में एक्स पर पोस्ट किया। प्रियंक कानूनगो ने अपनी पोस्ट में लिखा, "एक नाबालिग मुस्लिम लड़की की शाादी को जायज ठहराने वाले हाई कोर्ट के आदेश को राष्ट्रीय बाल आयोग ने मेरे अध्यक्ष रहते हुए सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। पॉक्सो के तहत नाबालिग लड़की के साथ शारीरिक संबंध बनाना अपराध है और मजहब के आधार पर बालिकाओं के यौन शोषण को अनुमति देना धर्म निरपेक्षता संवैधानिक सिद्धांत के विरुद्ध है। उस वक्त हमारी दलीलों से सहमत होकर माननीय न्यायालय ने तत्काल देश की लड़कियों के पक्ष में आदेश दिया था।"उन्होंने इस फैसले को बच्चों के भविष्य के लिए खतरा बताते हुए आगे लिखा, "इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में फिर सुनवाई हुई। जानकारी मिली है कि

दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से पूर्व में नियुक्त किए गए NCPCR के वरिष्ठ वकील की अनुपस्थिति में लगभग एकतरफा सुनवाई के आधार यह केस खारिज कर दिया गया है। यह शरिया के आधार पर देश चलाने जैसा है। कोर्ट ने नाबालिग की सहमति को आधार माना है यह चिंताजनक है। इसी तरह के एक और मामले में कल फिर सुनवाई होनी है। यदि बच्चों को सेक्स की सहमति दे दी गई तो बर्बादी होगी। हे भगवान भारत के बच्चों की रक्षा करिए,आपका ही सहारा है।”

FREE PRESS JOURNAL, Online, 20.8.2025
Page No. 0, Size:(0)cms X (0)cms.

Free Press Journal

## National Human Rights Commission Team In Bhopal To Probe Rape And Blackmailing Case

NHRC accused police officials for not implementing the recommendations of the commission regarding the communal sexual offences

https://www.freepressjournal.in/bhopal/national-human-rights-commission-team-in-bhopal-to-probe-rape-and-blackmailing-case

Staff Reporter Updated: Tuesday, August 19, 2025, 10:44 PM IST

Bhopal (Madhya Pradesh): A four-member team of National Human Rights Commission is in Bhopal to conduct an inquiry into the high-profile rape and blackmailing case at TIT College, which had surfaced in May this year.

Police have arrested six persons involved in the case including the prime accused Farhan Khan.

The NHRC accused police officials for not implementing the recommendations of the commission regarding the communal sexual offences where victims were Hindu girls and they were deliberately targeted.

However, police did not take adequate action and failed to conduct proper investigations, which may have brought to light more victims of the racket. The police also failed in tracing the culprits who funded the racket, NHRC officials said.

Commission member Priyank Kanoongo on Tuesday stated on X, “Adequate action has not been taken on NHRC’s recommendations regarding the case of communal sexual offences in Bhopal, where college going Hindu girls were allegedly targeted, drugged, raped, their obscene videos were shot. Then, they were blackmailed with pressure for religious conversion.”

Kanoongo said commission’s team reached Bhopal for two days to reinvestigate the case. If any victim or witness wishes to give their statement or complain, they may come forward without fear, he added.

He also warned police not to visit victims’ houses in uniform. “This will socially embarrass and intimidate them. Such conduct will not be tolerated. We urge media persons to cooperate in retaining victims’ trust in judicial system,” he added.

Police commissioner Harinarayanachari Mishra said, “NHRC team is in Bhopal for an inquiry in the case. Police will cooperate with the team and provide assistance.”

Inh

# राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की टीम फिर पहुंची भोपाल: पुलिस कर्मियों को दी बड़ी हिदायत, दो दिन तक करेगी जांच...

https://www.inhnews.in/news/national-human-rights-commission-team-reached-bhopal-again

preeti Ratre | 19 Aug 2025 12:51 PM

भोपाल: मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में आज राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की टीम फिर पहुंची। इस बीच अनुशंसाओं पर यथेष्ट कार्रवाई नहीं होने पर आयोग ने नाराजगी जताई है। इसकी जानकारी प्रियंक कानूनगो ने सोशल मीडिया पर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक ये टीम लव जिहाद ड्रग्स और धर्मांतरण मामले में राजधानी भोपाल पहुंची है।

दो दिन तक करेगी जांच:

बताया जा रहा है कि, भोपाल में TIT कॉलेज लव जिहाद कांड और ड्रग्स जिहाद कांड को लेकर मानव अधिकार आयोग की टीम दोबारा जांच के लिए भोपाल पहुंची अगले दो दिन तक जांच करेगी। प्रियांक कानूनगो ने मीडिया से भी आग्रह किया पीड़ितों का विश्वास स्थापित करने में सहयोग करें इसके अलावा मानव अधिकार आयोग की टीम ने पुलिस कर्मियों को भी बड़ी हिदायत दी है।

अनुशंसाओं पर यथेष्ट कार्रवाई:

इसके आगे प्रियांक ने कहा कि, भोपाल में कॉलेज जाने वाली हिंदू लड़कियों को लक्षित कर ग्रूम करके ड्रग्स दे कर बलात्कार कर अश्लील वीडियो बनाने और ब्लैकमेल कर इस्लाम में धर्मांतरण का दबाव बनाने के आरोप वाले सांप्रदायिक लैंगिक अपराध के प्रकरण में आयोग की अनुशंसाओं पर यथेष्ट कार्रवाई नहीं की गई है। अतः दोबारा जांच के लिए आयोग की टीम अगले दो दिन के लिए भोपाल पहुंच गई है।

पुलिस कर्मियों को दी हिदायत:

यदि कोई पीड़ित अथवा साक्षी अपने बयान अथवा शिकायत देना चाहें तो निर्भय हो कर संपर्क कर सकते हैं। भोपाल पुलिस के कर्मियों को हिदायत है कि आयोग की टीम सामने प्रस्तुत करने के नाम पर मासूम पीड़ितो के घर वर्दी पहन कर ताम झाम से जा कर पीड़ितों को सामाजिक रूप से लज्जित कर डहलाने का काम ना करें, अन्यथा ठीक नहीं होगा। मीडिया के बंधुओं से भी निवेदन है कि न्याय व्यवस्था में पीड़ितों का विश्वास स्थापित करने में सहयोग करें।

LALLURAM, Online, 20.8.2025
Page No. 0, Size:(0)cms X (0)cms.

Lalluram

# कॉलेज स्टूडेंट्स से गैंगरेप मामलाः राष्ट्रीय मानव अधिकार फिर करेगी जांच, 2 दिन के लिए भोपाल पहुंची जांच टीम

https://lalluram.com/mp-news-gangrape-case-of-college-students-national-human-rights-will-investigate-again/

Satyanarayan Shukla | 19 Aug 2025, 11:27 AM

मध्यप्रदेश

शब्बीर अहमद, भोपाल। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के निजी (टीआईटी) कॉलेज स्टूडेंट्स से गैंगरेप (लव जिहाद) मामले में राष्ट्रीय मानव अधिकार फिर जांच करेगी। 2 दिन जांच के लिए टीम दोबारा भोपाल पहुंची है। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर यह जानकारी दी है। कहा कि- आयोग ने जो सिफारिश की थी उसे पर कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने पीड़ितों से आकर बात करने की अपील की है।

डग्स देकर बलात्कार कर बनाए अश्लील वीडियो

आयोग ने सोशल मीडिया पर लिखा- भोपाल में कॉलेज जाने वाली हिंदू लड़कियों को लक्षित कर ग्रूम करके ड्रग्स देकर बलात्कार कर अश्लील वीडियो बनाने और ब्लैकमेल कर इस्लाम में धर्मांतरण का दबाव बनाने के आरोप वाले सांप्रदायिक लैंगिक अपराध के प्रकरण में आयोग की अनुशंसाओं पर यथेष्ट कार्रवाई नहीं की गई है। अतः दोबारा जांच के लिए आयोग की टीम अगले दो दिन के लिए भोपाल पहुंच गई है।

निर्भय होकर संपर्क कर सकते

यदि कोई पीड़ित अथवा साक्षी अपने बयान अथवा शिकायत देना चाहें तो निर्भय होकर संपर्क कर सकते हैं। भोपाल पुलिस के कर्मियों को हिदायत है कि आयोग की टीम के सामने प्रस्तुत करने के नाम पर मासूम पीड़ितों के घर वर्दी पहनकर तामझाम से जाकर पीड़ितों को सामाजिक रूप से लज्जित कर दहलाने का काम ना करें अन्यथा ठीक नहीं होगा। मीडिया के बंधुओं से भी निवेदन है कि न्याय व्यवस्था में पीड़ितों का विश्वास स्थापित करने में सहयोग करें।

LALLURAM, Online, 20.8.2025
Page No. 0, Size:(0)cms X (0)cms.

Lalluram

# MP TOP NEWS TODAY: मोहन कैबिनेट में बड़ा फैसला, लव जिहाद-ड्रग माफिया पर कसेगा शिकंजा, भोपाल में अवैध ड्रग फैक्ट्री सील, आदिवासी हॉस्टल की 35 छात्राएं बीमार, धार में मां-बेटे की करंट से मौत, एक क्लिक में पढ़ें सभी बड़ी खबरें

https://lalluram.com/today-mp-big-news-top-news-19-august-madhya-pradesh-latest-hindi-breaking-news-updates/

sazaan | 19 Aug 2025, 10:03 PM

मध्यप्रदेश

MP TOP NEWS TODAY: मध्य प्रदेश (Madhya Pradesh) में आज मंगलवार 19 अगस्त को क्या कुछ खास रहा ? अगर आप से जरूरी खबरें छूट गई हैं तो लल्लूराम डॉट कॉम (Lalluram.com) पर एक क्लिक में पढ़ सकते हैं। आइए एक नजर डालते हैं अब तक की बड़ी खबरों पर...

मोहन कैबिनेट में लिए गए बड़े फैसले

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट बैठक आयोजित की गई। जिसमें कई बड़े फैसले लिए गए। सीएम ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने युवाओं के लिए 1 लाख करोड़ रुपये की योजना प्रारंभ की है।

लव जिहाद और ड्रग माफिया पर कसेंगे शिकंजा

सीएम डॉ. मोहन यादव ने लव जिहाद और ड्रग माफियाओं को सख्त संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि 'महिलाओं पर कुदृष्टि डालने वाले, ड्रग माफिया और लव जिहादियों को किसी भी स्थिति में नहीं छोड़ा जाएगा। लव जिहाद हो या ड्रग माफिया, इनके माध्यम से जो भी आपराधिक गतिविधियां की जा रही हैं, उन पर सख्त कार्रवाई करते हुए शिकंजा कसा जा रहा है। राज्य सरकार किसी अपराधी को छोड़ने वाली नहीं है। सबको एक-एक कर ठिकाने लगाएंगे।

कांग्रेस जिला अध्यक्षों को लेकर बवाल जारी

मध्यप्रदेश में कांग्रेस जिला अध्यक्षों को लेकर जारी बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रदेश के कई जिलों में नए अध्यक्ष को लेकर विरोध जारी है। पार्टी कार्यकर्ताओं में नाराजगी के बाद इस्तीफे का क्रम और पुतना दहन किए जा रहे हैं।

भोपाल में अवैध दवा बनाने वाली फैक्ट्री सील

राजधानी भोपाल के जगदीशपुर में गुप्त तरीके से संचालित अवैध दवा फैक्ट्री को सील कर दिया गया है। इस मामले में रहवासियों ने बड़ा दावा किया है। बताया गया कि मकान के अंदर देर रात तक काम चलता था। कभी-कभी अजीब गंध आती थी। फैक्ट्री में इस्तेमाल हुए जहरीले केमिकल का असर अब इलाके के लोगों पर दिखने लगा है। ज़हरीला कचरा खाने से कई मवेशियों की मौत हुई है। लोगों की आंखों में जलन और सांस की समस्याएं हो रही है।

आदिवासी हॉस्टल की 35 छात्राएं हुई बीमार

हमेशा विवादों में रहने वाला सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग के हॉस्टल इन दिनों फिर चर्चा में हैं। इस बार कारण है रतलाम जिले के बाजना का आदिवासी कन्या छात्रावास। जहां पर एक दो नहीं बल्कि 35 छात्राएं बीमार हो गई। जिन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया और बोतल चढ़ाकर जबरन वापिस हॉस्टल भेज दिया।

मिल गई अर्चना तिवारी

कटनी निवासी अर्चना तिवारी आखिरकार दिल्ली में मिल गई है। चलती ट्रेन से गायब होने वाली अर्चना को दिल्ली के पास से बरामद किया गया है। जिसके बाद पुलिस उसे लेकर रवाना हो गई है।

मऊगंज – जनपद पंचायत में बड़ा घोटाला!

